मैं तब संन्यास लूंगा, जब मुझे लगेगा कि मैं टीम के लिए कुछ नहीं कर पा रहा हूं।'' पुर्तगाल को 2025 में नेशंस लीग का खिताब दिलाने वाले रोनाल्डो अपने करियर में 1,000 गोल पूरे करने के करीब हैं। - क्रिस्टियानो रोनाल्डो

पुर्तगाल के महान फुटबॉलर, अपने संन्यास को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

देवजीत सैकिया

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने लगभग यह कन्फर्म कर दिया कि पुरुषों की टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा, जो 4 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। सैकिया ने कहा कि उस तारीख के बाद यह पद खाली हो जाएगा और बोर्ड के पास उनके रिप्लेसमेंट के बारे में फैसला करने के लिए काफी समय है। अब तक सिर्फ़ मीडिया रिपोर्ट्स में ही यह दावा किया गया है कि अगरकर ने अपना कॉन्ट्रैक्ट आगे न बढ़ाने का फ़ैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगा कि बोर्ड के अधिकारी भी इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय धावक मिल्खा सिंह : 1958 के एशियाई खेल में 200 मीटर और 400 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद जकार्ता में 1962 के संस्करण में दो और स्वर्ण अपने नाम किया।

भारतीय टीम ने शुरू की तैयारी, बीसीसीआई ने शेयर किया इनडोर नेट्स सेशन

नई दिल्ली, 24 सितंबर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिए एक इनडोर नेट सेशन में हिस्सा लिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें संजू सैमसन और टीम के अन्य सदस्य ट्रेनिंग करते हुए दिखे; इस सेशन के दौरान हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण भी मौजूद थे। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में श्रीलंका को 147 रनों से हराकर खिताब जीता। एशियाई खेलों में महिलाओं का मुकाबला 18 सितंबर को जापान के खिलाफ भारत के क्वार्टर-फ़ाइनल मैच के साथ शुरू हुआ। पुरुषों का टूर्नामेंट 24 सितंबर से शुरू हुआ, हालांकि भारत के पहले मैच में उनका प्रतिद्वंद्वी कौन होगा, यह अभी एक क्वालिफ़ाइंग टूर्नामेंट के ज़रिए तय होना बाकी है। पुरुष टीम में कई बड़े भारतीय इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल हैं, जिससे यह गेम्स में देश की सबसे मज़बूत क्रिकेट टीमों में से एक बन गई है। श्रेयस अय्यर पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीत चुके हैं, मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में कप्तानी कर चुके हैं, दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं और 2025 में पंजाब किंग्स को फ़ाइनल तक ले जा चुके हैं। उनका लक्ष्य एशियन गेम्स में अपनी कप्तानी की उपलब्धियों में और इजाफ़ा करना है।

30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत-विंडीज दूसरा वनडे, 2 बजे शुरू होगा मुकाबला

गुवाहाटी, 24 सितंबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 30 सितंबर को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम (एसीए स्टेडियम) में खेला जाएगा। दिन-रात्रि का यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा। असम क्रिकेट संघ (एसीए) ने मुकाबले के लिए संचालन कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। दोनों टीमें 28 सितंबर को गुवाहाटी पहुंचेंगी। मैच का पहला सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। इसके बाद 30 मिनट का पारी अंतराल होगा और दूसरी पारी शाम 6 बजे से रात 9.30 बजे तक फ्लडलाइट्स में खेली जाएगी। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कमान शाई होप संभालेंगे। दोनों टीमें 50 ओवर के इस मुकाबले में सीरीज में बढ़त बनाने के लिए मैदान पर उतरेंगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पूरी सफेद गेंद वाली सीरीज का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। मुकाबले की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार ऐप और वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध होगी।

अंतर्राष्ट्रीय एथलीट एवं कोच राजेंद्र शर्मा का निधन

जयपुर, 24 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी, भारतीय महिला एथलेटिक्स टीम के पूर्व कोच एवं महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र शर्मा का 23 सितंबर 2026 को दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से न केवल राजस्थान, बल्कि संपूर्ण देश के खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। राजेंद्र शर्मा ने अपने करियर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए रजत पदक जीतकर तिरंगा लहराया था। उन्होंने भारतीय महिला एथलेटिक्स टीम का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और राजस्थान का नाम गर्व से रोशन किया। वह अपने पीछे अपनी पत्नी और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। उनकी छोटी पुत्री ने घुड़सवारी (इक्वेस्ट्रियन) में एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाया है। आज जयपुर में अजमेर रोड स्थित मोक्षधाम पर उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जहाँ नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

जयपुर स्पोर्ट्स 9 विकेट से विजेता

जयपुर, 24 सितंबर। मरुधर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित द्वितिय अंडर -17 मरुधर क्रिकेट कप में खेले गये मैच मे मरुधर क्रिकेट एकेडमी और जयपुर स्पोर्टस के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर मरुधर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मरुधर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 131/10 33.3 मे ऑल आउट हो गई। मरुधर क्रिकेट एकेडमी की ओर से पूनम चौहान ने 34 रन, अंकुर सुरमान ने 24 रन और दिपक यादव ने 19 रन बनाये। जयपुर स्पोर्टस ओर से गेदबाजी करते हुए हेमद्र पारीक ने 32 रन देकर 2 रन विकेट, कृष्ण सिंह ने 28 रन देकर के 2 विकेट, ओर चिराग सैन ने 14 रन देकर के 2 विकेट लिया। जयपुर स्पोर्टस ने बल्लेबाजी करते हुए 135/1 8.5 ओवर मे रन बनाये। जयपुर स्पोर्टस कि ओर से वरून ने 110 रन, दिग्वेश्वर ने 11 रन बनाये। मरुधर क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी करते हुए बंटू पलदी ने 35 रन देकर के 1 विकेट लिया। जयपुर स्पोर्टस 9 विकेट से विजेता हुई।

अभय और वीर पुरुष सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

आइची-नगोया, 24 सितंबर। आइची-नागोया में हो रहे एशियाई खेलों में भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अभय सिंह और वीर छोटरानी पुरुषों के सिंगल्स इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुँच गए। के अनुसार, अभय ने श्रीलंका के रविंदु लक्षिरी को सिर्फ़ 21 मिनट में 3-0 (11-3, 11-5, 11-6) से हराया।

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

टोकाई सिटीजन जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। असलम इनामदार और राहुल सेठपाल ने प्रभावी खेल दिखाते हुए चीनी ताइपे के रेडरों पर दबाव बनाया। सेठपाल के शानदार एंकल होल्ड की मदद से भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई और पहला ऑलआउट हासिल किया।

चीनी ताइपे ने बोनस अंक और सुपर टैकल के जरिए वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम ने रेड और डिफेंस दोनों में लगातार अंक जुटाए। भारत ने एक और ऑलआउट हासिल करते हुए पहले हाफ की समाप्ति तक 23-11 की मजबूत बढ़त बना ली।

दूसरे हाफ में देवांक दलाल और अयान लोहचब ने रेडिंग में भारत की बढ़त बनाए रखी। चीनी ताइपे के चुंग-माओ चांग ने कुछ अहम टैकल किए, लेकिन भारतीय रेडरों के लगातार आक्रामक प्रदर्शन ने अंतर कम नहीं होने दिया।

भारत ने एक और ऑलआउट हासिल कर मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। अंतिम मिनटों में भारतीय डिफेंस ने चीनी ताइपे के रेडरों को अंक जुटाने का ज्यादा मौका नहीं दिया और भारत ने 37-21 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के खाते में तीन बोनस अंक और छह ऑलआउट अंक रहे, जबकि चीनी ताइपे ने नौ बोनस अंक और दो सुपर टैकल के जरिए अंक जुटाए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में अपने अभियान का समापन शीर्ष स्थान पर किया। अब भारतीय टीम 25 सितंबर को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के इतिहास में द. कोरिया के खिलाफ दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी जीत

काकामिगहारा, 24 सितंबर। दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया को 8 -2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली। पूल ए में शीर्ष पर काबिज भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13.1 और श्रीलंका को 16.1 से हराया था। अब भारत का सामना 26 सितंबर को जापान से होगा।

भारत के लिये दिलप्रीत सिंह (10वां, 26वां और 32वां) ने तीन और फॉरवर्ड अभिषेक (15वां और 38वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि शिलानंद लाकड़ा (चौथा), सुखजीत सिंह (दसवां), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (11वां) और राजिंदर सिंह (60वां) ने एक एक गोल दागा। कोरिया के लिये किम जाएहो (42वां) और किम योंगबोक (52वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही क्वार्टर में चार गोल कर दिये।

शिलानंद ने चौथे ही मिनट में उपकप्तान हार्दिक सिंह से बॉक्स के भीतर मिली गेंद पर यह गोल किया। शानदार फॉर्म में चल रहे दिलप्रीत ने दसवें मिनट मे बढत दुगुनी कर दी जब उन्होंने मनदीप सिंह से मिले पास पर गेंद को गोल के भीतर डाला। कप्तान हरमनप्रीत ने अगले मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3 . 0 कर दिया। अभिषेक ने पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में शिलानंद के पास पर गोल किया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी दबदबा बनाये रखा और मनदीप से बैकहैंड पर मिले क्रॉस पर दिलप्रीत ने गोल किया। ब्रेक के दो मिनट बाद दिलप्रीत ने मनदीप और हार्दिक के बीच बेहतरीन तालमेल से बने मूव को फिनिशिंग तक ले जाते हुए गोल दागा।

भारत को कुछ मिनटों बाद लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। कोरिया को जल्दी ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर प्रयास नाकाम रहा। अभिषेक ने भारत की बढत 7.0 की करके सुखजीत सिंह का शुरूआती प्रयास नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर गोल दागा।

कोरिया के लिये किम जाए हो ने तीसरा क्वार्टर खत्म होने में तीन मिनट बाकी रहते पहला गोल किया। चौथे और आखिरी क्वार्टर में कोरियाई खिलाड़ियों ने भारतीय डिफेंस पर लगातार हमले बोले और दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये हालांकि गोल नहीं हो सका। आखिरी सीटी बजने से आठ मिनट पहले कोरिया के लिये किम योंग बोक ने तीन भारतीय डिफेंडरों को चकमा देकर गोल दागा। भारत के लिये आठवां गोल राजिंदर सिंह ने आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। भारत का अगला मुकाबला 26 सितंबर को मेजबान जापान से होगा।

सिंधु, लक्ष्य को सीधे राउंड ऑफ -32 में जगह

आइची-नगोया, 24 सितंबर। एशियाई खेल 2026 में बैडमिंटन की एकल और युगल स्पर्धाओं के ड्रॉ और कार्यक्रम जारी कर दिए गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को सीधे राउंड ऑफ-32 में प्रवेश मिला है। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने बुधवार को सेमीफाइनल में चीन के हाथों 1-3 की हार के बाद कांस्य पदक हासिल किया। भारत की एकमात्र जीत सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने दर्ज की। उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन लियांग वेइकेंग और वांग चांग को 21-11, 22-20 से हराया। व्यक्तिगत बैडमिंटन स्पर्धाओं की शुरुआत शुक्रवार से होगी, जबकि सभी वर्गों के फाइनल 29 सितंबर को खेले जाएंगे।

अफगानिस्तान ने जापान को 48 रन से हराया

निसिन, 24 सितंबर। अफगानिस्तान ने गुरुवार को एशियाई खेल 2026 में पुरुष क्रिकेट के अपने पहले मुकाबले में मेजबान जापान को 48 रन से हराकर शानदार शुरुआत की। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए ग्रुप-ए के मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 129/6 रन बनाए, जिसके जवाब में जापान की टीम 19.3 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की जीत में पदार्पण कर रहे लेग स्पिनर अरब गुल मोमंद ने अहम भूमिका निभाई।

साक्षी 3-2 से हारी, परवीन वॉकओवर से क्वार्टरफाइनल में

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी को एशियाई खेल-2026 में महिला 51 किग्रा वर्ग के मुकाबले में कजाखस्तान की बाल्किबेकोवा के खिलाफ 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ साक्षी का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। भारतीय मुक्केबाज परवीन ने बिना रिंग में उतरे ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उनकी प्रतिद्वंद्वी ताजिकिस्तान की मलिका नोजिमोवा ने वॉकओवर दे दिया। परवीन अब अंतिम आठ के मुकाबले में उज्बेकिस्तान की नवबखोर खामिदोवा से भिड़ेंगी।

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जापान को 50-25 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एशियाई खेल 2026 के ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रखते हुए जापान को 50-25 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गत चैंपियन भारत ने ग्रुप ए में लगातार तीन जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

कप्तान पुष्पा राणा की अगुवाई में भारतीय टीम ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पहले हाफ में जापान पर पूरी तरह दबाव बनाए रखा। भारत ने मध्यांतर तक 32-13 की बढ़त हासिल कर ली थी। पहले हाफ में भारत ने 23 आउट अंक, पांच बोनस अंक और दो ऑलआउट के जरिए जापान के खिलाफ 19 अंकों की बढ़त बनाई।

दूसरे हाफ में जापान ने वापसी की कोशिश की और 12 अंक हासिल किए लेकिन भारतीय टीम ने अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। भारत ने दूसरे हाफ में 18 अंक जोड़े, जिसमें 14 आउट, दो बोनस और एक ऑलआउट शामिल रहा। अंततः भारत ने 50-25 के बड़े अंतर से मुकाबला अपने नाम किया।

भारत ने ग्रुप चरण में इससे पहले बांग्लादेश को 42-21 और ईरान को 37-23 से हराया था। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने ग्रुप ए में तीनों मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत अब 25 सितंबर को सेमीफाइनल में जापान का सामना करेगा। स्वर्ण पदक का मुकाबला 26 सितंबर को खेला जाएगा।

नाइट पोलो में टीम जयपुर की एकतरफा जीत, हल्दीघाटी को 14-3 से हराया

जयपुर, 24 सितंबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के तहत गुरुवार को राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स में आर्मी सीडीआर' एस कप (06 गोल्स) का मुकाबला खेला गया। नाइट पोलो के रोमांच के बीच टीम जयपुर ने टीम हल्दीघाटी के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14-3 स्कोर के बड़े अंतर से टीम हल्दीघाटी को शिकस्त दी। मुकाबले में विजेता टीम जयपुर की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिज हाईनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 7 गोल और मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने 5 गोल दागे। वहीं, विश्वराज सिंह ने 2 गोल हासिल किए। टीम से अक्षय मलिक भी खेले। दूसरी ओर, टीम हल्दीघाटी से कैप्टन प्रिंस पाल ने 1 गोल किया। टीम से एलडी सत्य प्रकाश, एनके रविंदर मांग, और मेजर राघव राज सिंह भी मैदान में उतरे। यहां टीम हल्दीघाटी को 2 गोल का एडवांटेज प्राप्त हुआ।

जयपुर जूनियर ओपन अंडर-21 पोलो टूर्नामेंट के लिए मैच आज - जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत जयपुर जूनियर ओपन अंडर-21 टूर्नामेंट का मुकाबला शुक्रवार, 25 सितंबर को 61 कैवेलरी ग्राउंड नं.2 पर सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले में टीम आमेर और टीम नाहरगढ़ के बीच टक्कर होगी। टीम आमेर में अविष्का पालीवाल, यशोवर्धन सिंह, भानु सुधीर प्रताप सिंह और अयान अली शामिल होंगे, जबकि टीम नाहरगढ़ की ओर से ग्रंथ रोहिल्ला, कुलवर्धन सिंह शेखावत, अखिलीज नंदल और रुशिल नरूला खेलेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रात 7 बजे से खेला जाएगा।

मजबूत टेस्ट टीम ही मजबूत क्रिकेट टीम, रेड-बॉल क्रिकेट हमारी प्राथमिकता : गंभीर

नई दिल्ली, 24 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि देश में मजबूत टेस्ट क्रिकेट होना पूरे क्रिकेट ढांचे के लिए बेहद जरूरी है और रेड-बॉल क्रिकेट टीम की प्राथमिकता बना रहेगा। गंभीर ने भारत के नए घरेलू सत्र से पहले जियोस्टार से बातचीत में टीम के साथ अपने अब तक के कार्यकाल, टेस्ट क्रिकेट से मिली सीख और अलग-अलग कप्तानों के साथ काम करने के अनुभव पर बात की। गंभीर ने अपने कार्यकाल के बारे में कहा कि पिछले दो साल उतार-चढ़ाव से भरे रहे हैं। उन्होंने कहा, दो साल पलक झपकते नहीं गुजर गए। मेरे हिस्से में भी उतार-चढ़ाव रहे हैं। मेरी अपनी असफलताएं और सफलताएं रही हैं। लेकिन मेरा हमेशा मानना रहा है कि जब आप इस तरह की जिम्मेदारी लेते हैं तो उतार-चढ़ाव आते ही हैं। चाहे टेस्ट क्रिकेट हो, एकदिवसीय क्रिकेट हो या टी20 क्रिकेट, मुझे सफलता मिली है, जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा, लेकिन असफलताएं भी मिली हैं और मैं उन्हें भी पूरी तरह स्वीकार करता हूं। टेस्ट क्रिकेट में बदलाव और हालिया परिणामों पर गंभीर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे के बाद टीम ने अच्छा टेस्ट क्रिकेट खेला है, लेकिन टीम अभी भी बदलाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के जाने के बाद उनकी जगह भरना आसान नहीं है।

राज्य स्तरीय अंडर-16 प्रतियोगिता : प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में कोटा व टोंक जीती

जयपुर, 24 सितंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 एक दिवसीय क्रिकेटप्रतियोगिता प्री क्वाटर फाइनल के आज उदयपुर में खेले गए मैच का परिणाम :- उदयपुर - टोंक मैच (टोंक जीती), कोटा - नागौर मैच (कोटा जीती)। आज खेले गये मैच में निलय अरोरा ने शतक जमाया और आर्यन सिंह, समीर ढाका, विधार्थशर्मा, अर्जुन, शौर्य सिं, सारांश सिसोदिया का शानदार प्रदर्शन रहा।

// एशियाई खेल //

रोशिबिना देवी ने वुशु में जीता सिल्वर मेडल, रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान खान की जोड़ी को कांस्य

आइची-नगोया, 24 सितंबर। एशियाई खेलों में भारतीय एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। गुरुवार का दिन भारत के लिए दोहरे पदक की खुशखबरी लेकर आया। स्टार वुशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी ने महिलाओं के सांडा 60 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि रोइंग (नौकायन) के पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट में सतनाम सिंह और सलमान खान की जोड़ी ने देश के लिए ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

रोशिबिना देवी ने लगातार दूसरा वुशु सिल्वर मेडल जीता

भारत की एशियाई खेलों की टीम में शामिल होने को लेकर हुए विवाद को पीछे छोड़ते हुए, स्टार वुशु एथलीट रोशिबिना ने महिलाओं के 60 किग्रा सांडा इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर देश के लिए मेडल पक्का किया। रोशिबिना सिलेक्शन ट्रायल्स में युवा दिव्यांशी चौधरी से हार गई थीं, लेकिन बाद में अपनी प्रतिद्वंद्वी के चोटिल होने के कारण उन्हें टीम में शामिल किया गया।

सतनाम-सलमान की जोड़ी ने रोइंग में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता

सतनाम सिंह और सलमान खान ने नागारागावा इंटरनेशनल रेगाटा कोर्स पर 6:13.25 का समय लेकर एशियाई खेलों में पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट

में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। भारतीय जोड़ी 1,500 मीटर के निशान तक दूसरे स्थान पर रही, लेकिन आखिरी 500 मीटर में तीसरे स्थान पर खिसक गई। चीन के यी ज़ुदी और यिदे नी ने 6:09.37 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि उज़्बेकिस्तान के पावेल सोरिन और मेखरोज़बेक ममतकुलोव ने 6:10.49 के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता। भारतीय जोड़ी गोल्ड मेडल जीतने वालों से 3.88 सेकंड पीछे रही। सतनाम ने इससे पहले हांग्जो एशियाई खेलों में पुरुषों के क्वाड्रपल स्कल्स इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता था।

सीमा कुमारी ने 10 हजार मीटर दौड़ में जीता कांस्य, भारत का 16 साल का इंतजार खत्म

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय धाविका सीमा कुमारी ने एशियाई खेल-2026 में महिला 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। सीमा ने गुरुवार को 32:50.05 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल करके इस स्पर्धा में भारत के 16 साल से चले आ रहे पदक के इंतजार को समाप्त किया। सीमा का कांस्य एशियाई खेलों की महिला 10,000 मीटर स्पर्धा में भारत का तीसरा पदक है। इससे पहले भारत ने इस स्पर्धा में 2010 में पदक जीता था। यह आईची-नगोया एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स का पहला पदक भी है। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने 32:39.18 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान की नोजोमी तनाका ने 32:41.54 के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक के लिए यावी और तनाका के बीच अंतिम चरण में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यावी ने आखिर में बढ़त बनाते हुए स्वर्ण हासिल किया। सीमा ने धैर्य बनाए रखा और पीछा कर रही धाविकाओं से अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। दौड़ के दौरान सीमा लगातार पदक की दौड़ में बनी रहीं। जैसे-जैसे शीर्ष धाविकाओं ने गति बढ़ाई, यावी और तनाका स्वर्ण के लिए आगे निकल गईं, लेकिन सीमा ने अपनी लय बनाए रखी और अंतिम रेखा तक पूरा जोर लगाते हुए 32:50.05 के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

विथ्या रामराज की शानदार फिनिश से भारत ने मिश्रित 4x400 मीटर रिले में जीता रजत

आइची-नगोया (जापान), 24 सितंबर। भारतीय एथलेटिक्स टीम ने एशियाई खेल 2026 में गुरुवार को मिश्रित 4 400 मीटर रिले में रजत पदक जीता। अंतिम चरण में विथ्या रामराज की शानदार दौड़ ने भारत को तीसरे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। इस पदक के साथ एशियाई खेलों में भारत की पदक संख्या 17 हो गई। पूवम्मा राजू, विशाल थेन्नारासु, मनु टीएस और विथ्या रामराज की भारतीय टीम ने फाइनल में 3:14.46 का समय दर्ज किया। भारत ने इस प्रदर्शन के साथ 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में जीते रजत पदक को बरकरार रखा। बहरीन ने 3:12.87 के एशियाई खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वियतनाम 3:14.54 के समय के साथ कांस्य पदक पर रहा। भारत और वियतनाम के बीच केवल 0.09 सेकंड का अंतर रहा।

विथ्या की शानदार आखिरी दौड़

भारत एक समय कांस्य पदक की स्थिति में दिखाई दे रहा था, लेकिन अंतिम चरण में विथ्या रामराज ने जबरदस्त तेजी दिखाई। उन्होंने सही समय पर अपनी गति बढ़ाई और अंतिम चरण में प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए भारत को रजत पदक दिला दिया। भारत ने हांगझोउ में भी इस स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

अनंतजीत-परिनाज की जोड़ी ने मिश्रित टीम स्कीट में जीता कांस्य



आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और परिनाज़ धालीवाल ने गुरुवार को एशियाई खेल-2026 में मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक संख्या 15 पहुंचा दी। यह एशियाई खेलो में मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में छह सीरीज के बाद 44 अंक हासिल किए। चीन ने 52 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। दक्षिण कोरिया ने 51 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। चीन ने जनवरी में कतर द्वारा बनाए गए 47 अंक के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अनंतजीत और परिनाज़ ने क्वालीफिकेशन में 138/150 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया था।

भवानी देवी और श्रेया गुप्ता का सफर प्री-क्वार्टरफाइनल में थमा

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारत की स्टार तलवारबाज भवानी देवी और श्रेया गुप्ता को 2026 एशियाई खेलों के फेन्सिंग में महिला व्यक्तिगत साबरे स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही दोनों का अभियान समाप्त हो गया। ओलंपियन भवानी देवी ने पूल चरण में दक्षिण कोरिया की जियोंगमी किम से 1-5, ईरान की नजमेह साजानजियान से 4-5 और उज्बेकिस्तान की जायनब दायिबेकोवा से 4-5 से हार झेली। इसके बाद उन्होंने कजाखस्तान की ऐगेरिम सारीबे और थाईलैंड की अरिसारा सोमफाओ को क्रमशः 5-4 और 5-2 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

महिला एकल स्क्वॉश के क्वार्टरफाइनल में आमने-सामने होगी अनाहत और तन्वी

आइची-नगोया, 24 सितंबर। भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ियों अनाहत सिंह और तन्वी खन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेल 2026 की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दोनों भारतीय खिलाड़ियों की जीत के बाद अब क्वार्टर फाइनल में उनका आमना-सामना होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने सिंगापुर की ऑ यॉन्ग वाई लिन को सीधे तीन गेम में 11-4, 11-5, 11-7 से हराया। विश्व कप विजेता अनाहत ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और आसानी से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, तन्वी खन्ना ने सिंगापुर की ऑ यॉन्ग वाई यान को 5-11, 11-4, 11-5, 13-11 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। तन्वी को पहले गेम में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ महिला एकल स्क्वॉश में ऑल इंडिया क्वार्टर फाइनल तय हो गया है। अब अनाहत और तन्वी में से एक खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेगी।